संख्या-612/2017/209/22-2-2017-17(221)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 31 जुलाई, 2017

विषयः- केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ. में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अरविन्द पुत्र श्री राजाराम कहार, निवासी जनपद-हरदोई की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्यालय कारागार के पत्र संख्या-44244-359/प्रोबेशन-3/2016 (एम-17-11-2016) दिनांक-16-12-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र दिनांक 16.12.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार सिद्धदोष बन्दी अरविन्द पुत्र श्री राजाराम कहार, ग्राम गुर्रा, थाना-साण्डी, जनपद-हरदोई का निवासी है। बन्दी ने नल पर हाथ पैर धोने के विवाद में दिनांक 06.01.2002 को कमलेश नामक व्यक्ति पर तमंचे से फायर कर घायल किया। अस्पताल ले जाते समय करीब 09.30 बजे खेत में छिपे 14 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्रैक्टर रूकवाकर 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्राली पर चढकर चारों लोगों ने अपने-2 तमंचे से फायर कर चारपाई पर लेटे कमलेश की निर्दयतापूर्वक हत्या करने तथा उसकी पत्नी को गोली मारकर घायल करने का जघन्यतम अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-999/2002 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302 व 3(2)5 एस0सी0एस0टी0 एक्ट के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश, एस0सी0एस0टी0 (पी0एक्ट) हरदोई के आदेश दिनांक 08.11.2005 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 10.01.2016 तक 14 वर्ष 00 माह 00 दिन की अपरिहार तथा 17 वर्ष 04 माह 20 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण सन्तोषजनक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई ने बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने अभिमत में अंकित किया है कि बन्दी ने नल पर हाथ पैर धोने के विवाद में दिनांक 06.01.2002 को कमलेश नामक व्यक्ति पर तमंचे से फायर कर घायल किया। अस्पताल ले जाते समय करीब 09.30 बजे खेत में छिपे 14 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्रैक्टर रूकवाकर 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्राली पर चढकर चारों लोगों ने अपने-2 तमंचे से फायर कर चारपाई पर लेटे कमलेश की निर्दयतापूर्वक हत्या करने तथा उसकी पत्नी को गोली मारकर घायल करने का जघन्यतम अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी की आयु-45 वर्ष है तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं है। इसकी पुष्टि जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई द्वारा अतिरिक्त 05 बिन्दु की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी अरविन्द पुत्र श्री राजाराम कहार, निवासी जनपद-हरदोई को प्रोबेशन पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपरोक्त् वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी अरविन्द (बन्दी संख्या-19401) पुत्र श्री राजाराम कहार, निवासी जनपद-हरदोई के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-612/2017/209(1)/22-2-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ।

3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्या-612/2017/209@22-2-2017-17(221)/2017

दिनांक 31 जुलाई, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अरविन्द (बन्दी संख्या-19401) पुत्र श्री राजाराम कहार, ग्राम गुर्रा, थाना-साण्डी, जनपद-हरदोई का निवासी है। बन्दी ने नल पर हाथ पैर धोने के विवाद में दिनांक 06.01.2002 को कमलेश नामक व्यक्ति पर तमंचे से फायर कर घायल किया। अस्पताल ले जाते समय करीब 09.30 बजे खेत में छिपे 14 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्रैक्टर रूकवाकर 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्राली पर चढकर चारों लोगों ने अपने-2 तमंचे से फायर कर चारपाई पर लेटे कमलेश की निर्दयतापूर्वक हत्या करने तथा उसकी पत्नी को गोली मारकर घायल करने का जघन्यतम अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-999/2002 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302 व 3(2)5 एस0सी0एस0टी0 एक्ट के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश, एस0सी0एस0टी0 (पी0एक्ट) हरदोई के आदेश दिनांक 08.11.2005 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 10.01.2016 तक 14 वर्ष 00 माह 00 दिन की अपरिहार तथा 17 वर्ष 04 माह 20 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण सन्तोषजनक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई ने बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने अभिमत में अंकित किया है कि बन्दी ने नल पर हाथ पैर धोने के विवाद में दिनांक 06.01.2002 को कमलेश नामक व्यक्ति पर तमंचे से फायर कर घायल किया। अस्पताल ले जाते समय करीब 09.30 बजे खेत में छिपे 14 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्रैक्टर रूकवाकर 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर ट्राली पर चढकर चारों लोगों ने अपने-2 तमंचे से फायर कर चारपाई पर लेटे कमलेश की निर्दयतापूर्वक हत्या करने तथा उसकी पत्नी को गोली मारकर घायल करने का जघन्यतम अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी की आयु-45 वर्ष है तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं है। इसकी पुष्टि जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई द्वारा अतिरिक्त 05 बिन्दु की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी अरविन्द पुत्र श्री राजाराम कहार, निवासी जनपद-हरदोई को प्रोबेशन पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in